आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 23.05.2024

मुख्य समाचारः—

1— नारायणपुर—दंतेवाड़ा—बस्तर जिले की सीमा पर हुई मुठभेड़ में सात माओवादी मारे गए—भारी मात्रा में हथियार बरामद।

2— मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने आज राजनांदगांव और दुर्ग में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष का किया निरीक्षण।

3— कथित कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया को रायपुर की विशेष अदालत ने चार दिन की रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंपा।

4— बुद्ध पूर्णिमा आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में मनाई जा रही है।

माओवादी मुठभेड़

नारायणपुर—दंतेवाड़ा—बस्तर जिले की सीमा पर आज हुई मुठभेड़ में सात वर्दीधारी माओवादी मारे गए हैं, जिनका शव बरामद कर लिया गया है।

बस्तर रेंज के डीआईजी कमलोचन कश्यप और दंतेवाड़ा के पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह मुठभेड़ नारायणपुर और दंतेवाड़ा की सीमा पर हुई है। उन्होंने बताया कि अबूझमाड़ के जंगल में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड—डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और स्पेशल टास्क फोर्स—एसटीएफ की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इस दौरान नारायणपुर—दंतेवाड़ा की सीमा से लगे अबूझमाड़ के जंगल में पहले से घात लगाकर बैठे माओवादियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू कर दी। जवानों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में सात माओवादी मारे गए। वहीं, सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ में कई माओवादियों के घायल होने का दावा किया है। घटनास्थल से भारी मात्रा में हथियार और माओवादी सामग्रियां बरामद की गई हैं।

कंगाले—स्ट्रांग रूम निरीक्षण

राज्य की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज राजनांदगांव के बसंतपुर स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउस कार्पोरेशन कृषि उपज मंडी और दुर्ग के शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम और मतगणना कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतगणना की तैयारी और व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को राजनांदगांव और दुर्ग संसदीय क्षेत्रों के सभी मतदान केन्द्रों के चुनाव परिणाम समेकित करने के संबंध में जरूरी दिशा—निर्देश दिए।

इस मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभावार मतगणना कक्ष, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि और एजेंट की बैठक व्यवस्था, प्रवेश पास, सीसीटीवी कैमरा मॉनिटरिंग, सुरक्षा व्यवस्था, उद्घोषक कक्ष और मीडिया सेंटर का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि मतगणना हॉल में मोबाइल फोन, आईपैड, लैपटॉप, स्मार्ट वॉच, कैमरा और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण प्रतिबंधित रहेगा। मीडियाकर्मी को मीडिया सेंटर तक मोबाइल ले जाने की छूट रहेगी। उन्होंने पासधारी अभ्यर्थी, निर्वाचन और मतगणना अभिकर्ताओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा। श्रीमती कंगाले ने पोस्टल बैलेट और ई.टी.बी.पी.एस. के मतों की गणना के संबंध में जरूरी दिशा—निर्देश भी दिए।

इस बीच, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने दुर्ग सर्किट हाउस में चुनाव के दौरान मृत कर्मचारी के परिजन को पंद्रह लाख रूपये का चेक प्रदान किया।

रानू साहू/सौम्या चौरसिया–रिमांड

कथित कोयला घोटाला मामले में निलंबित आईएएस रानू साहू और सौम्या चौरसिया को आज रायपुर की विशेष अदालत ने चार दिन की रिमांड पर ईओडब्ल्यू को सौंप दिया है। इन दोनों को प्रोडक्शन वारंट पर रिमांड में लेने के लिए न्यायाधीश अतुल श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया था।

इससे पहले, ईओडब्ल्यू ने रायपुर के केंद्रीय जेल में रानू साहू और सौम्या चौरसिया से पूछताछ की थी। इनके अलावा ईओडब्ल्यू, कोयला घोटाला मामले जेल में बंद निलंबित आईएएस समीर बिश्नोई, कारोबारी शिवशंकर नाग और सूर्यकांत तिवारी से भी पूछताछ कर चुकी है।

मुख्यमंत्री–छात्र बातचीत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हिंसा प्रभावित किर्गिस्तान में फंसे छत्तीसगढ़ के छात्रों से फोन पर बात कर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने छात्रों को खुद का ख्याल रखने और जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार से संपर्क करने को कहा है। श्री साय ने कहा कि इस विषम परिस्थिति में राज्य और केन्द्र सरकार उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले के मस्तूरी निवासी छात्र विजय और जांजगीर–चांपा जिले की शिवानी से बात की और कहा कि केन्द्र सरकार, किर्गिस्तान सरकार के साथ संपर्क में है।

गौरतलब है कि किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में स्थानीय लोगों और दूसरे देशों से पढ़ाई करने पहुंचे छात्रों के बीच लड़ाई के बाद लगातार तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। किर्गिस्तान में छत्तीसगढ़ के लगभग सत्तर विद्यार्थियों सहित पूरे देश के लगभग पंद्रह हजार विद्यार्थी मेडिकल और अन्य विषयों की पढ़ाई कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री–आरक्षण स्वागत

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने धर्म आधारित आरक्षण पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है। आज रायपुर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि हाईकोर्ट का निर्णय धर्म आधारित वोट बैंक की राजनीति करने वालों के लिए एक सबक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन लगातार संविधान की हत्या की साजिश कर रही है। धर्म आधारित आरक्षण का भारतीय संविधान में कोई स्थान नहीं है।

गौरतलब है कि कल कलकत्ता उच्च न्यायालय ने वर्ष दो हजार दस के बाद पश्चिम बंगाल में जारी किए गए धर्म आधारित सभी ओबीसी प्रमाण पत्रों को रद्द करने का आदेश दिया है।

जशपुर पुलिस–नशा कार्रवाई

जशपुर पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से नशे के खिलाफ अभियान शुरू किया है। इस संबंध में बीते दिनों पुलिस अधीक्षक कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह और मुख्य चिकित्सा तथा स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के. इंदवार ने नशे के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए पुलिस और स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया। यह टीम लोगों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देने के साथ ही पुलिस अधीक्षक द्वारा अभिनीत और निर्मित शॉर्ट फिल्म दिखाएगी।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूरे जिले में नशे के खिलाफ जन–जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को समझाइश दी जा रही है। वहीं, सीएमएचओ ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद से जो बीमारियां होती है, उसका जिला अस्पताल में निःशुल्क उपचार

उपलब्ध है। इसके लिए अलग से डॉक्टरों की टीम बनाई गई है। यह टीम काउंसिलिंग का भी कार्य करती है।

शीघ्रलेखन/मुद्रलेखन परीक्षा–स्थगित

शीघ्रलेखन और मुद्रलेखन कम्प्यूटर कौशल परिषद, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी कम्प्यूटर मुद्रलेखन की कौशल परीक्षा अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है। यह परीक्षा रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर और बस्तर संभाग में छब्बीस मई, दो, नौ और सोलह जून को आयोजित होने वाली थी। परीक्षाओं के पुनः आयोजन के संबंध में नई तिथि निर्धारित कर परीक्षार्थियों को मीडिया और परिषद की वेबसाइट के माध्यम से जानकारी दी जाएगी।

राजनांदगांव–जागरूकता अभियान

राजनांदगांव जिले में पुलिस द्वारा ग्रामीणों को अपराध से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान पुलिस द्वारा गांवों में बैठक लेकर सरपंच, सचिव और कोटवारों को चोरी, ठगी और साइबर अपराधों से कैसे बचा जाए, इसके लिए उन्हें जागरूक किया जा रहा है। साथ ही उन्हें किसी भी तरह के अपराध को लेकर पुलिस का सहयोग करने की अपील की जा रही है। इसके अलावा गांव में घूमने वाले और फेरी लगाने वाले लोगों का नाम–पता कोटवारी पंजी में दर्ज करने तथा थाना में सूचना देने को कहा गया है।

हेलमेट जागरूकता रैली

बिलासपुर के पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह द्वारा हेलमेट बैंक अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज शैक्षणिक संस्थान स्मार्ट वैल्यू के विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को हेलमेट के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर उमा शंकर पांडेय ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि युवा दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें, तो मृत्यु दर में सत्तर प्रतिशत की कमी हो सकती है।

बुद्ध पूर्णिमा

भगवान बुद्ध की जयंती ''बुद्ध पूर्णिमा'' आज छत्तीसगढ़ सहित देशभर में मनाई जा रही है। आज ही के दिन गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और आज ही के दिन उनका परिनिर्वाण हुआ था।

इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि भगवान बुद्ध ने सत्य, अहिंसा, सद्‌भाव और मानवता तथा सभी प्राणियों के प्रति प्रेम का संदेश दिया है।

वहीं, छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भी प्रदेशवासियों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के एक–दो स्थानों पर गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उत्तर–पश्चिम राजस्थान से झारखंड तक एक द्रोणिक बनी हुई है। साथ ही पश्चिम बिहार के ऊपर एक चक्रीय चक्रवात बना हुआ है, जिसके कारण प्रदेश में नमीयुक्त हवा आ रही है। इसके असर से उत्तर और दक्षिण छत्तीसगढ़ के एक–दो

स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। हालांकि, प्रदेश के तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– कबीरधाम जिले के ग्राम भैंसबोड़ में एक ही परिवार के दो बच्चों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और पचास हजार रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की।

– सक्ती जिले में ऑनलाइन जॉब के नाम पर एक छात्र से करीब चार लाख रूपये की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। डभरा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>